SabKhojo.in
SabKhojo.in

# PART-II

## Hindi हिन्दी

31. 'पूछने योग्य' वाक्यांश के लिए शब्द प्रयुक्त होता है-

(J) द्रष्टव्य

(K) खेचर

(L) कर्तव्य

(M) प्रष्टव्य

सही विकल्प चुनें-

A. केवल J और M

B. केवल K और L

C. केवल J

D. केवल M

32. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम-I (मुहावरा) | कॉलम-II (अर्थ) |
|---|---|
| (a) काँटा दूर होना | (I) अड़चनें पैदा करना |
| (b) काँटे बिछाना | (II) संकट में डालना |
| (c) काँटों पर लोटना | (III) बाधा दूर होना |
| (d) काँटों पर घसीटना | (IV) बेचैन होना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-III, b-I, c-IV, d-II

B. a-I, b-II, c-III, d-IV

C. a-IV, b-III, c-II, d-I

D. a-III, b-IV, c-I, d-II

33. निम्नलिखित स्वरों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-

(K) आ

(L) उ

(M) ई

(N) औ

(O) ए

A. $L \rightarrow N \rightarrow K \rightarrow M \rightarrow O$

B. $O \rightarrow K \rightarrow N \rightarrow L \rightarrow M$

C. $M \rightarrow O \rightarrow K \rightarrow N \rightarrow L$

D. $K \rightarrow M \rightarrow L \rightarrow O \rightarrow N$

34. रचना की दृष्टि से क्रिया के भेद हैं-

(J) यौगिक क्रिया

(K) प्रेरणार्थक क्रिया

(L) सकर्मक क्रिया

(M) अकर्मक क्रिया

सही विकल्प चुनें-

A. केवल J और K

B. केवल K और L

C. केवल L और M

D. K, L और M

35. वाह! कितना सुंदर दृश्य है। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न राजमहल में पधारे।
इस वाक्य में विराम-चिह्न प्रयुक्त हैं-

A. पूर्ण विराम, योजक-चिह्न

B. विस्मयादिबोधक, अर्द्धविराम, पूर्ण विराम

C. विस्मयादिबोधक, अल्प विराम, पूर्ण विराम

D. विस्मयादिबोधक, अल्प विराम, प्रश्नवाचक, पूर्ण विराम

---

36. निम्नलिखित में से ओष्ठ्य व्यंजन हैं-

(J) प

(K) ब

(L) ख

(M) म

सही विकल्प चुनें-

A. J, K और M

B. केवल K और L

C. केवल J

D. केवल L और M

---

37. धनुष्टंकार में कौन-सी संधि है?

A. स्वर संधि

B. व्यंजन संधि

C. विसर्ग संधि

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो उसे विशेषण कहते हैं। यह विशेषता हो सकती है संज्ञा के-

(J) आकार से संबंधित

(K) अवस्था से संबंधित

(L) रूप से संबंधित

(M) स्वभाव से संबंधित

सही विकल्प चुनें-

A. केवल J और K

B. केवल J और L

C. केवल J, K और M

D. J, K, L और M सभी

---

39. तत्सम, तद्भव, अर्द्ध तत्सम, देशज व वि॰
क्रमशः हैं-

(K) भ्राता

(L) खेत

(M) मुँह

(N) ठेस

(O) चश्मा

A. K → L → M → N → O

B. O → N → M → L → K

C. N → M → L → K → O

D. M → L → K → O → N

40. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम-I (काल) | | कॉलम-II (वाक्य) |
|---|---|---|
| (a) सामान्य वर्तमान् काल | (I) | मैंने उसे रुपये दिए। |
| (b) संभाव्य वर्तमान काल | (II) | क्या आप मेरी बात सुनेंगे? |
| (c) सामान्य भूतकाल | (III) | वह अच्छा गाता है। |
| (d) सामान्य भविष्यत् काल | (IV) | शायद वह ऐसा समझता हो। |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-IV, b-I, c-II, d-III

B. a-I, b-III, c-IV, d-II

C. a-III, b-IV, c-I, d-II

D. a-II, b-I, c-III, d-IV

41. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द नहीं है-

A. वचन

B. अध्याय

C. क्रोध

D. प्रार्थना

42. 'सैन्धव' का पर्यायवाची शब्द है-

A. मघवा

B. अश्व

C. वारि

D. तड़ाग

43. संज्ञाओं की पुनरावृत्ति को रोककर वाक्यों को सौंदर्ययुक्त बनाता है-

A. क्रिया

B. सर्वनाम

C. विशेषण

D. क्रिया-विशेषण

44. निर्देश - नीचे दिए गए कथन [As] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनिए-

कथन [As] : आदमी, औरत, तोप विदेशी शब्द हैं।

कारण [R] : यह क्रमश: अरबी, फ़ारसी, तुर्की शब्द हैं।

A. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, और [R], [As] की सही व्याख्या है।

B. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, लेकिन [R], [As] की सही व्याख्या नहीं है।

C. [As] सत्य है, लेकिन [R] असत्य है।

D. [As] असत्य है, लेकिन [R] सत्य है।

45. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?

A. आठ

B. छ:

C. चार

D. नौ

46. 'ऊँचे-नीचे पैर पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए-

A. बहकावे में आना

B. नशे में चलना

C. बुराई में पड़ जाना

D. चक्कर आना

47. निम्नलिखित विराम चिह्न क्रमश: हैं

! , ; – ?

(K) विस्मयादि या आश्चर्य

(L) अल्पविराम

(M) अर्धविराम

(N) निर्देशक

(O) प्रश्नवाचक

A. K→L→M→N→O

B. O→K→M→N→L

C. L→M→N→O→K

D. M→N→O→K→L

48. 'युद्ध में शहीद हो जाना' अर्थ के लिए सही मुहावरा चुनिए-

A. जान पर खेलना

B. अंगारों पर लोटना

C. अन्न-जल उठना

D. लड़ाई में खेत आना

49. निर्देश - नीचे दिए गए कथन [As] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनिए-

कथन [As] : "भालू नाच दिखाता है।" यह वाक्य कर्मकारक का उदाहरण है।

कारण [R] : कर्मकारक का चिह्न 'को' है, परन्तु जहाँ 'को' चिह्न नहीं रहता, वहाँ कर्म का शून्य चिह्न माना जाता है।

A. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, और [R], [As] की सही व्याख्या है।

B. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, लेकिन [R], [As] की सही व्याख्या नहीं है।

C. [As] सत्य है, लेकिन [R] असत्य है।

D. [As] असत्य है, लेकिन [R] सत्य है।

50. लोकोक्ति के संबंध में सही कथन चुनें-

(J) इसका अर्थ व्यापक और लाक्षणिक होता है।

(K) यह पदबंध या वाक्यांश होता है।

(L) यह एक स्वतंत्र वाक्य है।

(M) यह किसी वाक्य में समा जाता है।

सही विकल्प चुनें-

A. केवल J और K

B. केवल J और L

C. J, K और M

D. J, K और L

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

AD16847D

**51.** निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है-

(J) फूल सुंदर हैं।

(K) हम बनारस गए और वहाँ दो दिन रहे।

(L) वह पेड़ उग आया है जो तुमने लगाया था।

(M) लड़का भोजन करता है।

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J

**B.** केवल J और K

**C.** केवल L

**D.** J, K और M

---

**52.** 'महानदी' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है?

**A.** जातिवाचक

**B.** समूहवाचक

**C.** व्यक्तिवाचक

**D.** भाववाचक

---

**53.** 'पतिव्रता' में कौन सा समास है?

**A.** सम्बन्ध बहुव्रीहि

**B.** अधिकरण बहुव्रीहि

**C.** अपादान बहुव्रीहि

**D.** करण बहुव्रीहि

---

**54.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है-

**A.** सलाई

**B.** सुई

**C.** सौत

**D.** क्षीर

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और प्रश्न क्रमांक 55 से 57 के उत्तर दीजीए-

छत्तीसगढ़ राज्य एक नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया। जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टि से यह अनेक राज्यों से बड़ा है। एक नवंबर 1956 से लेकर अस्तित्व में आने तक यह मध्यप्रदेश का हिस्सा था। वर्ष 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के समय मध्यप्रदेश राज्य के छः जिलों क्रमशः सरगुजा, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग, रायपुर और बस्तर वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य के भू-भाग को दर्शित करते थे। सन् 1973 दुर्ग जिले का विभाजन कर एक नए जिले राजनांदगांव का सृजन किया गया था। मई 1998 में सरगुजा जिले से कोरिया, बिलासपुर से कोरबा और जांजगीर-चांपा, रायगढ़ से जशपुर, रायपुर से धमतरी और महासमुंद तथा बस्तर से कांकेर और दंतेवाड़ा नए जिले बनाए गए। जुलाई 1998 में राजनांदगांव जिले से एक और नया जिला कवर्धा बना। जिसमें बिलासपुर जिले का कुछ भाग भी सम्मिलित किया गया। मार्च 2003 में राज्य शासन द्वारा तीन जिलों कवर्धा, दंतेवाड़ा और कांकेर के नामों का परिवर्तन कर क्रमशः कबीरधाम, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा और उत्तर बस्तर कांकेर किया गया। अप्रैल 2007 में बस्तर जिले का विभाजन करके एक नया जिला नारायणपुर और दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले का विभाजन करके नया जिला बीजापुर का सृजन किया गया। ये दोनों जिले मई 2007 को अस्तित्व में आए। 26 जनवरी 2012 को राज्य में नौ नए जिलों का गठन किया गया। बालोद, बलरामपुर-रामानुजगंज, बलौदाबाजार-भाटापारा, बेमेतरा, सूरजपुर, मुंगेली, गरियाबंद, कोंडागांव और सुकमा। 10 फरवरी 2020 को बिलासपुर जिले को

विभाजित कर एक नया जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही बनाया गया। यह सभी जिले 5 संभागों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा के जरिए प्रशासित हैं। दुर्ग राज्य का नया संभाग है, यह संभाग अगस्त 2013 में अस्तित्व में आया।

---

**55.** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के समय यहाँ कितने जिले थे?

**A.** 16

**B.** 15

**C.** 14

**D.** 12

---

**56.** छत्तीसगढ़ अपने मातृ राज्य मध्य प्रदेश का कितने वर्षों तक हिस्सा रहा?

**A.** 40 वर्षों तक

**B.** 44 वर्षों तक

**C.** 42 वर्षों तक

**D.** 43 वर्षों तक

---

**57.** सन् 1998 से पूर्व अविभाजित बिलासपुर जिले के विभाजन के पश्चात वर्तमान में जिले हैं-

(J) बिलासपुर

(K) जांजगीर-चांपा

(L) कोरबा

(M) मुंगेली

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J और K **B.** केवल J और L

**C.** J, K और M **D.** J, K, L और M

**58.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम-I | कॉलम-II |
|---|---|
| (a) साहचर्य विधि | (I) बालक को सर्वप्रथम निर्धारित क्रमों के अनुसार वर्णमाला के अक्षरों का ज्ञान कराना। |
| (b) श्रुतलेख | (II) बालकों को दीवार पर लटके हुए चित्रों तथा कमरों में पड़े हुए अंकित कार्डों की ओर देखने कहा जाता है। |
| (c) श्रवण कौशल | (III) सुने हुए अक्षर, शब्द, वाक्य को लिखना। |
| (d) अक्षरबोध | (IV) श्रुत सामग्री के विषय को भली-भाँति सुनकर अर्थ ग्रहण करने की योग्यता उत्पन्न करना। |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

**A.** a-II, b-III, c-IV, d-I

**B.** a-I, b-II, c-III, d-IV

**C.** a-I, b-III, c-IV, d-II

**D.** a-III, b-II, c-I, d-IV

59. निर्देश - नीचे दिए गए कथन [As] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनिए-

कथन [As] : समवेत पाठ विधि से अध्यापक किसी गद्य या पद्य को स्वयं पढ़ता है और छात्रों से अपना अनुकरण करने के लिए कहता है।

कारण [R] : इस विधि से छात्रों में शुद्ध वाचन का संस्कार तो बनाता ही है, उनका स्वर भी सधता है।

A. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, और [R]. [As] की सही व्याख्या है।

B. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, लेकिन [R]. [As] की सही व्याख्या नहीं है।

C. [As] सत्य है, लेकिन [R] असत्य है।

D. [As] असत्य है, लेकिन [R] सत्य है।

60. लिखित सामग्री को बिना आवाज किए चुपचाप मन ही मन पढ़ना, वाचन का कौन-सा प्रकार है?

A. अनुकरण वाचन

B. आदर्श वाचन

C. सस्वर वाचन

D. मौन वाचन

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह



AD16847D